Class: B.A. 1st year | **Course Code:** MUSA102PR

Subject: Music (Vocal/Instrumental) | **Course Name:** Stage Performance

MUSIC
(Stage Performance)

Lesson : 1 - 11

Dr. Mritunjay Sharma

Centre for Distance & Online Education (CDOE)
Himachal Pradesh University
Gyan Path, Summer Hill, Shimla-171005

विषय सूची

क्रम	इकाई	विषय	पृ. सं.
1		विषय सूची	ii
2		प्राक्कथन	iii
3		पाठ्यक्रम	iv
4	इकाई - 1	अल्हैया बिलावल, काफी तथा भैरव रागों के अलंकार (गायन के संदर्भ में)	1
5	इकाई - 2	अल्हैया बिलावल, काफी तथा भैरव रागों के सरगम गीत (गायन के संदर्भ में)	19
6	इकाई - 3	अल्हैया बिलावल राग का द्रुत ख्याल/ लक्षणगीत (गायन के संदर्भ में)	31
7	इकाई - 4	काफी राग का द्रुत ख्याल/लक्षणगीत (गायन के संदर्भ में)	43
8	इकाई - 5	भैरव राग का द्रुत ख्याल/लक्षणगीत (गायन के संदर्भ में)	54
9	इकाई - 6	अल्हैया बिलावल राग की द्रुत गत (वादन के संदर्भ में)	65
10	इकाई - 7	काफी राग की द्रुत गत (वादन के संदर्भ में)	76
11	इकाई - 8	भैरव राग की द्रुत गत (वादन के संदर्भ में)	87
12	इकाई - 9	अल्हैया बिलावल, काफी तथा भैरव रागों के अलंकार (वादन के संदर्भ में)	98
13	इकाई - 10	मिज़राब के बोलों की मूलभूत तकनीक (सितार वादन के संदर्भ में)	115
14	इकाई - 11	ताल • तीन ताल • दादरा ताल	126
15		महत्वपूर्ण प्रश्न - कार्यभार	140

प्राक्कथन

संगीत स्नातक के नवीन पाठ्यक्रम के क्रियात्मक विषय के MUSA102PR में संगीत से सम्बन्धित उपयोगी सामग्री का समावेश किया गया है। संगीत में प्रायोगिक तथा सैद्धान्तिक दोनों पक्षों का योगदान रहता है। गायन तथा वादन में भी इन्हीं दोनों पक्षों का महत्वपूर्ण स्थान रहता है। संगीत में क्रियात्मक पक्ष के अंतर्गत मंच प्रदर्शन का भी महत्वपूर्ण स्थान रहता है। प्रस्तुत पाठ्यक्रम में संगीत की क्रियात्मक परीक्षा को ध्यान में रखकर पाठ्य सामग्री दी गई है। इस पुस्तक के

इकाई 1 में गायन के संदर्भ में अल्हैया बिलावल, काफी तथा भैरव रागों के अलंकार आदि का वर्णन किया गया है।
इकाई 2 में गायन के संदर्भ में अल्हैया बिलावल, काफी तथा भैरव रागों के सरगम गीत आदि का वर्णन किया गया है।
इकाई 3 में गायन के संदर्भ में अल्हैया बिलावल राग का परिचय, आलाप, द्रुत ख्याल/लक्षणगीत, तानें आदि का वर्णन किया गया है।
इकाई 4 में गायन के संदर्भ में काफी राग का परिचय, आलाप, द्रुत ख्याल/लक्षणगीत, तानें आदि का वर्णन किया गया है।
इकाई 5 में गायन के संदर्भ में भैरव राग का परिचय, आलाप, द्रुत ख्याल/लक्षणगीत, तानों का वर्णन किया गया है।
इकाई 6 में वादन के संदर्भ में अल्हैया बिलावल राग का परिचय, आलाप, द्रुत गत, तोड़ों का वर्णन किया गया है।
इकाई 7 में वादन के संदर्भ में काफी राग का परिचय, आलाप, द्रुत गत, तोड़े आदि का वर्णन किया गया है।
इकाई 8 में वादन के संदर्भ में भैरव राग का परिचय, आलाप, द्रुत गत, तोड़े आदि का वर्णन किया गया है।
इकाई 9 में वादन के संदर्भ में अल्हैया बिलावल, काफी तथा भैरव रागों के अलंकार आदि का वर्णन किया गया है।
इकाई 10 में वादन के संदर्भ में सितार के मिज़राब के बोलों की मूलभूत तकनीक आदि का वर्णन किया गया है।
इकाई 11 में ताल पक्ष से तीनताल तथा दादरा का परिचय तथा बोलों का एकगुण, दुगुण, तिगुण व चौगुण में वर्णन किया गया है।
प्रत्येक इकाई में शब्दावली, स्वयं जांच अभ्यास प्रश्न तथा उत्तर, संदर्भ, अनुशंसित पठन, पाठगत प्रश्न दिए गए हैं।

प्रस्तुत पाठ्यक्रम को लिखने के लिए स्वयं के अनुभव से, संगीतज्ञों के साक्षात्कार से तथा संगीत से सम्बन्धित पुस्तकों द्वारा शिक्षण सामग्री एकत्रित की गई है। मैं उन सभी संगीतज्ञों तथा लेखकों का आभारी हूं जिनके ज्ञान द्वारा तथा जिनकी संगीत संबंधी पुस्तकों द्वारा शिक्षण सामग्री को यहां लिया गया है। आशा है कि विद्यार्थियों के लिए यह पुस्तक लाभप्रद होगी।

डॉ. मृत्युंजय शर्मा

COURSE CODE MUSA102PR

Hindustani Music

Paper-I Practical (Unit-II)

Title - Stage-Performance

Max Marks 50 (35+15 Assesment) **Credit 3**

Raga

- AlhaiyaBilaval
- Kafi
- Bhairav

Vocal Music

- Five Alankars in all the Rãgas
- Sargam Geet in any two Rãgas
- Lakshangeet or Drut Khyãl in all Rãgas.

Instrumental Music

- Five Alankars in all the Rãgas.
- Razakhani (Drut gat) in all the Rãgas
- Basic technique of Mizrab's Bol.

Vocal & Instrumental

- Ability to recite the following Thekas with Tãli & Khãli Teentãla, Dadra
- Vocal - Playing of Tanpura is compulsory
- Basic knowledge of Playing Alankars on Harmonium

इकाई-1
अल्हैया बिलावल, काफी तथा भैरव रागों के अलंकार (गायन के संदर्भ में)

इकाई की रूपरेखा

क्रम	विवरण
1.1	भूमिका
1.2	उद्देश्य तथा परिणाम
1.3	अल्हैया बिलावल, काफी तथा भैरव रागों का परिचय तथा अलंकार
1.3.1	अल्हैया बिलावल राग का परिचय
1.3.2	अल्हैया बिलावल राग के अलंकार
1.3.3	काफी राग का परिचय
1.3.4	काफी के अलंकार
1.3.5	काफी राग का परिचय
1.3.6	काफी राग के अलंकार
	स्वयं जांच अभ्यास 1
1.4	सारांश
1.5	शब्दावली
1.6	स्वयं जांच अभ्यास प्रश्नों के उत्तर
1.7	संदर्भ
1.8	अनुशंसित पठन
1.9	पाठगत प्रश्न

1.1 भूमिका

संगीत (गायन तथा वादन) में, स्नातक के क्रियात्मक पाठ्यक्रम MUSA102PR की यह पहली इकाई है। इस इकाई में गायन संदर्भ में, अल्हैया बिलावल, काफी, भैरव रागों का संक्षिप्त परिचय तथा उसके अलंकारों को भातखंडे स्वरलिपि पद्धति के माध्यम से विस्तार पूर्वक प्रस्तुत किया गया है।

उत्तर भारतीय शास्त्रीय संगीत में रागों का प्रस्तुतिकरण विशेष रूप से होता है, जो सुनने में मधुरता से युक्त, कर्णप्रिय, तथा आनंददायक होता है। उत्तर भारतीय शास्त्रीय संगीत में रागों के प्रस्तुतिकरण के लिए तथा संगीत के अभ्यास के लिए अलंकारों का अभ्यास शुरू से ही किया जाता है। जब स्वरों का आरो या अवरोह (चलन) नियम के अनुसार किया जाता है तो उसे अलंकार कहा जाता है। इसे पलटा भी कहते हैं। इससे स्वर-ज्ञान के साथ-साथ लय तथा लयकारियों के ज्ञान में वृद्धि होती है तथा इन्हीं अलंकारों मे माध्यम से अन्य अलंकारों की रचना करने में सहायता मिलती है। इससे विद्यार्थियों में कल्पना, उपज तथा सृजनात्मक गुणों का विकास संभव होता है।

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् विद्यार्थी अल्हैया बिलावल, काफी, भैरव रागों के स्वरूप के साथ-साथ उनमें गाए जाने वाले कुछ प्रारम्भिक अलंकारों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे, उन्हें भातखंडे स्वरलिपि पद्धति में लिख सकने का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे तथा क्रियात्मक रूप से अल्हैया बिलावल, काफी, भैरव रागों के अलंकारों को गा सकेंगे।

1.2 उद्देश्य तथा परिणाम

सीखने के उद्देश्य

- अल्हैया बिलावल, काफी, भैरव रागों के स्वरूप की संक्षिप्त जानकारी प्रदान करना।
- अल्हैया बिलावल, काफी, भैरव रागों के अलंकारों को गाने की क्षमता विकसित करना।
- अल्हैया बिलावल, काफी, भैरव रागों के अलंकारों को स्वरलिपि में लिखने की क्षमता विकसित करना।
- विद्यार्थी में कल्पना, उपज तथा सृजनात्मक गुणों का विकास करना।

सीखने के परिणाम

- विद्यार्थी, गायन के अंतर्गत, अल्हैया बिलावल, काफी, भैरव रागों के स्वरूप के विषय में जान पाएगा।
- विद्यार्थी, गायन के अंतर्गत, अल्हैया बिलावल, काफी, भैरव रागों के अलंकारों को लिखने में सक्षम होगा।
- विद्यार्थी, गायन के अंतर्गत, अल्हैया बिलावल, काफी, भैरव रागों के अलंकारों को गाने में सक्षम होगा।
- विद्यार्थी, गायन के अंतर्गत, कल्पना, उपज तथा सृजनात्मक गुणों का विकास होगा।
- विद्यार्थी में, गायन के अंतर्गत, अल्हैया बिलावल, काफी, भैरव रागों में अलंकारों के विभिन्न रचनात्मक पहलुओं को मंच पर प्रदर्शित करने की क्षमता विकसित होगी और अनुभव भी प्राप्त होगा।

1.3 अल्हैया बिलावल, काफी तथा भैरव रागों का परिचय तथा अलंकार

1.3.1 अल्हैया बिलावल राग का परिचय

राग- अल्हैया बिलावल

थाट- अल्हैया बिलावल

जाति- षाड़व-संपूर्ण

वादी- धैवत

संवादी- गांधार

स्वर - अवरोह में कोमल निषाद (नि), अन्य स्वर शुद्ध

वर्जित स्वर - आरोह में म

समय - दिन का प्रथम प्रहर

समप्रकृतिक राग - बिलावल

आरोह- सा ग रे ग प ध नि सां

अवरोह- सां नि ध प, ध नि ध प, म ग म रे सा

पकड़ - ग प ध नि ध प, म ग म रे सा

1.3.2 अल्हैया बिलावल राग के अलंकार

1 आरोह- सा रे ग प ध नि सां

अवरोह- सां नि ध प म ग रे सा

2 आरोह- सा सा, रे रे, ग ग, प प, ध ध, नि नि, सां सां

अवरोह- सां सां, नि नि, ध ध, प प, म म, ग ग, रे रे, सा सा

3 आरोह- सा सा सा, रे रे रे, ग ग ग, प प प, ध ध ध, नि नि नि, सां सां सां

अवरोह- सां सां सां, नि नि नि, ध ध ध, प प प, म म म, ग ग ग, रे रे रे, सा सा सा

4 आरोह- सा रे सा, रे ग रे, ग म ग, प ध प, ध नि ध, नि सां नि, सां रें सां

अवरोह- सां रें सां, नि सां नि, ध नि ध, प ध प, म प म, ग म ग, रे ग रे, सा रे सा

5 आरोह- सा रे ग, रे ग प, प ध नि, ध नि सां

अवरोह- सां नि ध, नि ध प, ध प म, प म ग, म ग रे, ग रे सा

6 आरोह- सा रे ग प, रे ग प ध, ग प ध नि, प ध नि सां

अवरोह- सां नि ध प, नि ध प म, ध प म ग, प म ग रे, म ग रे सा

7 आरोह- सा रे ग प ध, रे ग प ध नि, ग प ध नि सां, प ध नि सां रें, ध नि सां रें गं

अवरोह- गं रें सां नि ध, रें सां नि ध प, सां नि ध प ग, नि ध प ग रे, ध प ग रे सा

8 आरोह- सा ग रे, रे ग प, ग प ध, ध प नि, प नि सां, नि सां रें

अवरोह- नि रें सां, ध सां नि, प नि ध, म ध प, ग प म, रे म ग, सा ग रे

9 आरोह- सा रे ग सा, रे ग प रे, ग प ग ध, प ध प नि, प ध नि प,

ध नि सां ध, नि सां रें नि, सां रें गं सां

अवरोह- सां रें गं सां, नि सां रें नि, ध नि सां ध, प ध नि प, म प ध म,

ग म प ग, रे ग म रे, सा रे ग सा

10 आरोह- सा ग रे सा, रे म ग रे, ग प म ग, म ध प म, प नि ध प,

ध सां नि ध, नि रें सां नि, सां गं रें सां

अवरोह- सां गं रें सां, नि रें सां नि, ध सां नि ध, प नि ध प, म ध प म,

ग प म ग, रे म ग रे, सा ग रे सा

11 आरोह- सा ग म रे सा, रे प म ग रे, ग प ध म ग, प ध नि प म,

प नि सां ध प, ध सां रें नि ध, नि रें गं सां नि, सां गं मं रें सां

अवरोह- सां गं मं रें सां, नि रें गं सां नि, ध सां रें नि ध, प नि सां ध प,

म ध नि प म, ग प ध म ग, रे म प ग रे, सा ग म रे सा

12 आरोह- सा ग, रे प, ग ध, प नि, ध सां

अवरोह- सां ध, नि प, ध म, प ग, म रे, ग सा

13 आरोह- सा म, रे प, ग ध, प नि, ध सां

अवरोह- सां प, नि म, ध ग, प रे, म सा

14 आरोह- सा प, रे ध, ग नि, प सां

अवरोह- सां प, नि ग, ध रे, प सा

15 आरोह- सा रे सा रे ग, रे ग रे ग प, ग प ग प ध, प ध प ध नि, ध नि ध नि सां

अवरोह- सां नि सां नि ध, नि ध नि ध प, ध प ध प म, प म प म ग,

म ग म ग रे, ग रे ग रे सा

16 आरोह- सा रे ग सा रे ग प, रे ग प रे ग प ध, ग प ध ग प ध नि, प ध नि प ध नि सां

अवरोह- सां नि ध सां नि ध प, नि ध प नि ध प म, ध प म ध प म ग,

प म ग प म ग रे, म ग रे म ग रे सा

17 आरोह- सा रे, रे ग, ग प, प ध, ध नि, नि सां

अवरोह- सां नि, नि ध, ध प, प म, म ग, ग रे, रे सा

18 आरोह- सा रे सा सा रे ग रे सा, रे ग रे रे ग प ग रे, ग प ग ग प प म ग,

प ध प प ध नी ध प, ध नी ध ध नि सां नी ध, नि सां नी नी सां रें सां नि,

सां रें सां सां रें गं रें सां

अवरोह- सां रें सां सां रें गं रें सां, नि सां नी नि सां रें सां नी, ध नी ध ध नि सां नी ध,

प ध प प ध नी ध प म प म म प ध प म, ग म ग ग म प म ग,

रे ग रे रे ग म ग रे, सा रे सा सा रे ग रे सा

19 आरोह- सा रे सा रे सा ग, रे ग रे ग रे प ग प ग प ग ध,

प ध प ध प नि, ध नी ध नी ध सां

अवरोह- सां नी सां नि सां ध, नी ध नी ध नी प, ध प ध प ध म,

प म प म प ग, म ग म ग म रे, ग रे ग रे ग सा

20 आरोह- सा रे रे ग, रे ग ग प, ग प ध प, प ध ध नी ध नी नि सां

अवरोह- सां नी नी ध, नी ध ध प, ध प प म, प म म ग, म ग ग रे, ग रे रे सा

1.3.3 काफी राग का परिचय

राग- काफी

थाट- काफी

जाति- संपूर्ण-संपूर्ण

वादी- पंचम

संवादी- रिषभ

स्वर - गंधार, निषाद कोमल (ग नि), अन्य स्वर शुद्ध

समय - रात्रि का दूसरा प्रहर

आरोह- सा रे ग म प ध नी सां

अवरोह- सां नी ध प म ग रे सा

पकड़ - सा सा, रे - रे रे, ग ग म म प

1.3.4 काफी राग के अलंकार

1 आरोह- सा रे ग म प ध नि सां

अवरोह- सां नि ध प म ग रे सा

2 आरोह- सा सा, रे रे, ग ग, म म, प प, ध ध, नि नि, सां सां

अवरोह- सां सां, नि नि, ध ध, प प, म म, ग ग, रे रे, सा सा

3 आरोह- सा सा सा, रे रे रे, ग ग ग, म म म, प प प, ध ध ध, नि नि नि, सां सां सां

अवरोह- सां सां सां, नि नि नि, ध ध ध, प प प, म म म, ग ग ग, रे रे रे, सा सा सा

4 आरोह- सा रे सा, रे ग रे, ग म ग, म प म, प ध प, ध नि ध, नि सां नि, सां रें सां

अवरोह- सां रें सां, नि सां नि, ध नि ध, प ध प, म प म, ग म ग, रे ग रे, सा रे सा

5 आरोह- सा रे ग, रे ग म, ग म प, म प ध, प ध नि, ध नि सां

अवरोह- सां नि ध, नि ध प, ध प म, प म ग, म ग रे, ग रे सा

6 आरोह- सा रे ग म, रे ग म प, ग म प ध, म प ध नि, प ध नि सां

अवरोह- सां नि ध प, नि ध प म, ध प म ग, प म ग रे, म ग रे सा

7 आरोह- सा रे ग म प, रे ग म प ध, ग म प ध नि, म प ध नि सां

अवरोह- सां नि ध प म, नि ध प म ग, ध प म ग रे, प म ग रे सा

8 आरोह- सा ग रे, रे म ग, ग प म, म ध प, प नि ध, ध सां नि, नि रें सां

अवरोह- नि रे सां, ध सां नि, प नि ध, म ध प, ग प म, रे म ग, सा ग रे

9 आरोह- सा रे ग सा, रे ग म रे, ग म प ग, म प ध म, प ध नि प,

ध नि सां ध, नि सां रें नि, सां रें गं सां

अवरोह- सां रें ग सां, नि सां रें नी ध नी सां ध, प ध नी प,

म प ध म, ग म प ग रे ग म रे, सा रे ग सा

10 आरोह- सा ग रे सा, रे म ग रे, ग प म ग, म ध प म, प नी ध प,

ध सां नी ध, नी रें सां नी, सां गं रें सां

अवरोह- सां गं रें सां, नी रें सां नी, ध सां नी ध, प नी ध प, म ध प म,

ग प म ग रे म ग रे, सा ग रे सा

11 आरोह- सा ग म रे सा, रे म प ग रे, ग प ध म ग, म ध नी प म, प नी सां ध प,

ध सां रें नी ध, नी रें गं सां नी, सां गं मं रें सां

अवरोह- सां गं मं रें सां, नी रें गं सां नी ध सां रें नी ध, प नी सां ध प, म ध नी प म,

ग प ध म ग, रे म प ग रे, सा ग म रे सा

12 आरोह- सा ग, रे म, ग प, म ध, प नी ध सां

अवरोह- सां ध, नी प, ध म, प ग, म रे, ग सा

13 आरोह- सा म, रे प, ग ध, म नी, प सां

अवरोह- सां प, नी म, ध ग प रे, म सा

14 आरोह- सा प, रे ध, ग नी, प सां

अवरोह- सां प, नी.ग, ध रे, प सा

15 आरोह- सा रे सा रे ग, रे ग रे ग म, ग म ग म प, म प म प ध, प ध प ध नी ध नी ध नी सां

अवरोह- सां नी सां नी ध, नी ध नी ध प, ध प ध प म, प म प म ग, म ग म ग रे, ग रे ग रे सा

16 आरोह- सा रे ग सा रे ग म, रे ग म रे ग म प, ग म प ग म प ध,

म प ध म प ध नि, प ध नी प ध नी सां

अवरोह- सां नी ध सां नी ध प, नी ध प नी ध प म, ध प म ध प म ग,

प म ग प म ग रे, म ग रे म ग रे सा

17 आरोह- सा रे, रे ग, ग म, म प, प ध, ध नी, नी सां

अवरोह- सां नी, नी ध, ध प, प म, म ग, ग रे, रे सा

18 आरोह- सा रे सा सा रे ग रे सा, रे ग रे रे ग म ग रे, ग म ग ग म प म ग

म प म म प ध प म, प ध प प ध नी ध प, ध नी ध ध नी सां नी ध,

नी सां नी नी सां रें सां नी सां रें सां सां रें गं रें सां

अवरोह- सां रें सां सां रें गं रें सां, नी सां नी नी सां रें सां नी ध नी ध ध नी सां नी ध,

प ध प प ध नी ध प, म प म म प ध प म, ग म ग ग म प म ग,

रे ग रे रे ग म ग रे, सा रे सा सा रे ग रे सा

19 आरोह- सा रे सा रे सा ग रे ग रे ग रे म, ग म ग म ग प, म प म प म ध,

प ध प ध प नी ध नी ध नी ध सां

अवरोह- सां नी सां नी सां ध, नी ध नी ध नी प, ध प ध प ध म, प म प म प ग,

म ग म ग म रे, ग रे ग रे ग सा

20 आरोह- सा रे रे ग, रे ग ग म, ग म म प, म प प ध,

प ध ध नी ध नी नी सां

अवरोह- सां नी नी ध, नी ध ध प, ध प प म, प म म ग

म ग ग रे, ग रे रे सा

1.3.5 भैरव राग का परिचय

राग- भैरव

थाट- भैरव

जाति- संपूर्ण-संपूर्ण

वादी- धैवत

संवादी- रिषभ

स्वर - रिषभ, धैवत कोमल (रे, ध), अन्य स्वर शुद्ध

समय - दिन का प्रथम प्रहर

समप्रकृतिक राग - कलिंगड़ा

आरोह- सा रे ग म प ध नि सां

अवरोह- सा नि ध, प म ग म रे सा

पकड़ - नि़ सा ग म धध प, म ग मरे सा

1.3.6 भैरव राग के अलंकार

1. आरोह- सा रे ग म प ध नि सां

   अवरोह- सां नि ध प म ग रे सा

2. आरोह- सा सा, रे रे, ग ग, म म, प प, ध ध, नि नि, सां सां

   अवरोह- सां सां, नि नि, ध ध, प प, म म, ग ग, रे रे सा सा

3. आरोह- सा सा सा, रे रे रे, ग ग ग, म म म, प प प, ध ध ध, नि नि नि, सां सां सां

अवरोह- सां सां सां, नि नि नि, ध ध ध, प प प, म म म, ग ग ग, रे रे रे सा सा सा

4. आरोह- सा रे सा, रे ग रे ग म ग, म प म, प ध प, ध नि ध, नि सां नि, सां रे सां

अवरोह- सां रे सां, नि सां नि, ध नि ध, प ध प, म प म, ग म ग, रे ग रे सा रे सा

5. आरोह- सा रे ग, रे ग म, ग म प, म प ध, प ध नि, ध नि सां

अवरोह- सां नि ध, नि ध प, ध प म, प म ग, म ग रे ग रे सा

6. आरोह- सा रे ग म, रे ग म प, ग म प ध, म प ध नि, प ध नि सां

अवरोह- सां नि ध प, नि ध प म, ध प म ग, प म ग रे, म ग रे सा

7. आरोह- सा रे ग म प, रे ग म प ध, ग म प ध नि, म प ध नि सां

अवरोह- सां नि ध प म, नि ध प म ग, ध प म ग रे प म ग रे सा

8. आरोह- सा ग रे रे म ग, ग प म, म ध प, प नि ध सां नि, नि रे सां

अवरोह- नि रे सां, ध सां नि, प नि ध, म ध प, ग प म, रे म ग, सा ग रे

9. आरोह- सा रे ग सा, रे ग म रे ग म प ग, म प ध म, प ध नि प,
ध नि सां ध, नि सां रें नि, सां रें गं सां

अवरोह- सां रें गं सां, नि सां रें नि, ध नि सां ध, प ध नि प,
म प ध म, ग म प ग, रे ग म रे, सा रे ग सा

10. आरोह- सा ग रे सा, रे म ग रे, ग प म ग, म ध प म, प नि ध प,
ध सां नि ध, नि रें सां नि, सां गं रें सां

अवरोह- सां गं रें सां, नि रें सां नि, ध सां नि ध, प नि ध प, म ध प म,

गपमग, रेमगरे, सागरेसा

11. आरोह- सागमरेसा, रेमपगरे, गपधमग, मधनिपम,

पनिसांधप, धसांरेंनिध, निरेंगंसांनि, सांगंमंरेंसां

अवरोह- सांगंमंरेंसां, निरेंगंसांनि, धसांरेंनिध, पनिसांधप,

मधनिपम, गपधमग, रेमपगरे, सागमरेसा

12. आरोह- साग, रेम, गप, मध, पनि, धसां

अवरोह- सांध, निप, धम, पग, मरे, गसा

13. आरोह- साम, रेप, गध, मनि, पसां

अवरोह- सांप, निम, धग, परे, मसा

14. आरोह- साप, रेध, गनि, पसां

अवरोह- सांप, निग, धरे, पसा

15. आरोह- सारे सारेग, रेग रेगम, गम गमप, मप मपध,

पध पधनि , धनि धनिसां

अवरोह- सांनि सांनिध, निध निधप, धप धपम, पम पमग,

मग मगरे, गरे गरेसा

16. आरोह- सारेग सारेगम, रेगम रेगमप, गमप गमपध,

मपध मपधनि, पधनि पधनिसां

अवरोह- सांनिध सांनिधप, निधप निधपम, धपम धपमग,

प म ग प म ग रे, म ग रे म ग रे सा

17. आरोह- सा रे, रे ग, ग म, म प, प ध, ध नि, नि सां

अवरोह- सां नि, नि ध, ध प, प म, म ग, ग रे, रे सा

18. आरोह- सा रे सा सा रे ग रे सा, रे ग रे रे ग म ग रे, ग म ग ग म प म ग,

म प म म प ध प म, प ध प प ध नि ध प, ध नि ध ध नि सां नि ध,

नि सां नि नि सां रें सां नि, सां रें सां सां रें गं रें सां

अवरोह- सां रें सां सां रें गं रें सां, नि सां नि नि सां रें सां नि, ध नि ध ध नि सां नि ध,

प ध प प ध नि ध प, म प म म प ध प म, ग म ग ग म प म ग,

रे ग रे रे ग म ग रे, सा रे सा सा रे ग रे सा

19. आरोह- सा रे सा रे सा ग, रे ग रे ग रे म, ग म ग म ग प, म प म प म ध,

प ध प ध प नि, ध नि ध नि ध सां

अवरोह- सां नि सां नि सां ध, नि ध नि ध नि प, ध प ध प ध म, प म प म प ग,

म ग म ग म रे, ग रे ग रे ग सा

20. आरोह- सा रे रे ग, रे ग ग म, ग म म प, म प प ध,

प ध ध नि, ध नि नि सां

अवरोह- सां नि नि ध, नि ध ध प, ध प प म, प म म ग,

म ग ग रे, ग रे रे सा

स्वयं जांच अभ्यास 1

1.1 जब स्वरों का आरोह या अवरोह नियमानुसार किया जाता है तो उसे क्या कहते हैं?

क) तान

ख) अलंकार

ग) तोड़ा

घ) लय

1.2 गायन/वादन में बीत रहे समय की समान गति को क्या कहते हैं?

क) तान

ख) अलंकार

ग) लय

घ) संगीत

1.3 निम्न में से कौन सा अलंकार अल्हैया बिलावल राग का है?

क) सा सा सा, रे रे रे, ग ग ग, प प प, ध ध ध, नि नि नि, सां सां सां

ख) सा सा सा, रे रे रे, ग ग ग, म म म, प प प, ध ध ध

ग) सा सा सा, रे रे रे, ग ग ग, प प प, ध ध ध, नि नि नि, सां सां सां

घ) सा सा सा, रे रे रे, ग ग ग, प प प, ध ध ध, नि नि नि, सां सां सां

1.4 निम्न में से कौन सा अलंकार अल्हैया बिलावल राग का है?

क) सां सां, नि नि , ध ध, प प, म म, ग ग

ख) सां सां, नि नि , ध ध, प प, म म,

ग) सां सां, नि नि , ध ध, प प, म म,

घ) सां सां, नि नि , ध ध, प प, म म,

1.5 निम्न में से कौन सा अलंकार काफी राग का है?

क) सा सा सा, रे रे रे, ग ग ग, म म म प प प, ध ध ध,

ख) सा सा सा, रे रे रे, ग ग ग, म म म, प प प, ध ध ध

ग) सा सा सा, रे रे रे, ग ग ग, प प प, ध ध ध, नि नि नि,

घ) सा सा सा, रे रे रे, ग ग ग, प प प, ध ध ध, नि नि नि,

1.6 निम्न में से कौन सा अलंकार काफी राग का है?

क) सां सां, नि नि , ध ध, प प, म म, ग ग

ख) सां सां, नि नि , ध ध, प प, म म, ग ग

ग) सां सां, नि नि , ध ध, प प, म म, ग ग

घ) सां सां, नि नि , ध ध, प प, म म, ग ग

1.7 निम्न में से कौन सा अलंकार भैरव राग का है?

क) सा सा सा, रे रे रे, ग ग ग, म म म प प प, ध ध ध,

ख) सा सा सा, रे रे रे, ग ग ग, म म म, प प प, ध ध ध

ग) सा सा सा, रे रे रे, ग ग ग, प प प, ध ध ध, नि नि नि,

घ) सा सा सा, रे रे रे, ग ग ग, प प प, ध ध ध, नि नि नि,

1.8 निम्न में से कौन सा अलंकार भैरव राग का है?

क) सां सां, नि नि , ध ध, प प, म म, ग ग

ख) सां सां, नि नि , ध ध, प प, म म, ग ग

ग) सां सां, नि नि , ध ध, प प, म म, ग ग

घ) सां सां, नि नि , ध ध, प प, म म, ग ग

1.4 सारांश

अल्हैया बिलावल, काफी, भैरव राग भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्रचलित राग है। शास्त्रीय संगीत के गायन के अंतर्गत इन रागों को बजाया जाता है। शास्त्रीय संगीत में रागों के प्रस्तुतिकरण के लिए तथा संगीत के अभ्यास के लिए अलंकारों का अभ्यास शुरू से ही किया जाता है। यह अलंकार अलग-अलग छंदों में होते हैं जो विलंबित लय में, मध्य लय में तथा द्रुत लय में बजाए जाते हैं। इन्हीं अलंकारों से, रागों के प्रस्तुतीकरण के समय, विभिन्न प्रकार के तोड़ों तथा तानों का निर्माण किया जाता है।

1.5 शब्दावली

- अलंकार: साधारण शब्दों में जब स्वरों का आरोह या अवरोह (चलन) नियम के अनुसार किया जाता है तो उसे अलंकार कहा जाता है।
- लय: गायन/वादन में बीत रहे समय की समान गति को 'लय' कहा जाता है।
- विलंबित लय: वादन/गायन के अंतर्गत जब लय बहुत धीमी गति मे चलती है तो उसे विलंबित लय कहते हैं।
- द्रुत लय: वादन/गायन के अंतर्गत जब लय बहुत तेज गति मे चलती है तो उसे द्रुत लय कहते हैं।
-

1.6 स्वयं जांच अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

स्वयं जांच अभ्यास 1

1.1 उत्तर: ख)

1.2 उत्तर: ग)

1.3 उत्तर: ग)

1.4 उत्तर: घ)

1.5 उत्तर: क)

1.6 उत्तर: घ)

1.7 उत्तर: ख)

1.8 उत्तर: ख)

1.7 संदर्भ

डॉ. निर्मल सिंह से साक्षात्कार द्वारा प्राप्त जानकारी, अप्रैल 2024।

श्रीवास्तव, हरिश्चद्र. (2015). राग परिचय (भाग 1-4), संगीत सदन प्रकाशन, इलाहबाद।

शर्मा, डॉ. मृत्युंजय. (2001). संगीत मैनुअल. ए.जी. पब्लिकेशन, दिल्ली।

शर्मा, डॉ. मृत्युंजय. (2005). स्वर सरिता, एस.आर.ई.आई.टी. पब्लिकेशन, शिमला।

झा, पं. रामाश्रय. (2020). अभिनव गीतांजलि (भाग 1-5), संगीत सदन प्रकाशन, इलाहबाद।

1.8 अनुशंसित पठन

शर्मा, डॉ. मृत्युंजय. (2005). स्वर सरिता, एस.आर.ई.आई.टी. पब्लिकेशन, शिमला।

झा, पं. रामाश्रय. (2020). अभिनव गीतांजलि (भाग 1-5), संगीत सदन प्रकाशन, इलाहबाद।

शर्मा, डॉ. मृत्युंजय. (2008). तंत्रिका विज्ञान, एस.आर.ई.आई.टी. पब्लिकेशन, शिमला।

1.9 पाठगत प्रश्न

प्रश्न 1. राग अल्हैया बिलावल का परिचय लिखिए।

प्रश्न 2. राग काफी का परिचय लिखिए।

प्रश्न 3. राग भैरव का परिचय लिखिए।

प्रश्न 4. राग अल्हैया बिलावल के पांच अलंकार लिखिए।

प्रश्न 5. राग काफी के पांच अलंकार लिखिए।

प्रश्न 6. राग भैरव के पांच अलंकार लिखिए।

इकाई-2
अल्हैया बिलावल, काफी तथा भैरव रागों के सरगम गीत (गायन के संदर्भ में)

इकाई की रूपरेखा

क्रम	विवरण
2.1	भूमिका
2.2	उद्देश्य तथा परिणाम
2.3	अल्हैया बिलावल, काफी तथा भैरव रागों के सरगम गीत
2.3.1	अल्हैया बिलावल राग का सरगम गीत
2.3.2	काफी राग का सरगम गीत
2.3.3	भैरव राग का सरगम गीत
	स्वयं जांच अभ्यास 1
2.4	सारांश
2.5	शब्दावली
2.6	स्वयं जांच अभ्यास प्रश्नों के उत्तर
2.7	संदर्भ
2.8	अनुशंसित पठन
2.9	पाठगत प्रश्न

2.1 भूमिका

संगीत (गायन तथा वादन) में, स्नातक के क्रियात्मक पाठ्यक्रम MUSA102PR की यह दूसरी इकाई है। इस इकाई में गायन संदर्भ में, अल्हैया बिलावल, काफी, भैरव रागों के सरगम गीतों को भातखंडे स्वरलिपि पद्धति के माध्यम से विस्तार पूर्वक प्रस्तुत किया गया है।

उत्तर भारतीय शास्त्रीय संगीत में रागों का प्रस्तुतिकरण विशेष रूप से होता है, जो सुनने में मधुरता से युक्त, कर्णप्रिय, तथा आनंददायक होता है। उत्तर भारतीय शास्त्रीय संगीत में रागों के प्रस्तुतिकरण के लिए तथा रागों के चलन को जानने के लिए सरगम गीतों का अभ्यास शुरू से ही किया जाता है। किसी राग में प्रयुक्त होने वाले स्वरों की तालबद्ध रचना को सरगम गीत कहा जाता है। इसे स्वरमालिका भी कहते हैं। इससे स्वर-ज्ञान के साथ-साथ लय तथा राग के स्वरुप को जानने में वृद्धि होती है। इससे विद्यार्थियों में कल्पना, उपज तथा सृजनात्मक गुणों का विकास संभव होता है।

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् विद्यार्थी अल्हैया बिलावल, काफी, भैरव रागों में सरगम गीत को गाने से राग के स्वरुप की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे, उन्हें भातखंडे स्वरलिपि पद्धति में लिख सकने का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे तथा क्रियात्मक रूप से अल्हैया बिलावल, काफी, भैरव रागों के सरगम गीतों को गा सकेंगे।

2.2 उद्देश्य तथा परिणाम

सीखने के उद्देश्य

- अल्हैया बिलावल, काफी, भैरव रागों के क्रियात्मक स्वरूप की जानकारी प्रदान करना।
- अल्हैया बिलावल, काफी, भैरव रागों के सरगम गीतों को गाने की क्षमता विकसित करना।
- अल्हैया बिलावल, काफी, भैरव रागों के सरगम गीतों को भातखंडे स्वरलिपि पद्धति में लिखने की क्षमता विकसित करना।
- विद्यार्थी में कल्पना, उपज तथा सृजनात्मक गुणों का विकास करना।

सीखने के परिणाम

- विद्यार्थी, गायन के अंतर्गत, अल्हैया बिलावल, काफी, भैरव रागों के क्रियात्मक स्वरूप के विषय में जान पाएगा।
- विद्यार्थी, गायन के अंतर्गत, अल्हैया बिलावल, काफी, भैरव रागों के सरगम गीतों को लिखने में सक्षम होगा।
- विद्यार्थी, गायन के अंतर्गत, अल्हैया बिलावल, काफी, भैरव रागों के सरगम गीतों को गाने में सक्षम होगा।
- विद्यार्थी, गायन के अंतर्गत, कल्पना, उपज तथा सृजनात्मक गुणों का विकास होगा।
- विद्यार्थी में, गायन के अंतर्गत, अल्हैया बिलावल, काफी, भैरव रागों के सरगम गीतों से, संगीत के विभिन्न रचनात्मक पहलुओं को मंच पर प्रदर्शित करने की क्षमता विकसित होगी और अनुभव भी प्राप्त होगा।

2.3 अल्हैया बिलावल, काफी तथा भैरव रागों के सरगम गीत (गायन के संदर्भ में)

2.3.1 राग अल्हैया बिलावल का सरगम गीत

राग: अल्हैया बिलावल **ताल: झपताल** **लय: मध्य**

x		2			0		3		
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
स्थायी									
ग	प	नी	ध	नी	सां	-	सां	रें	सां
सां	सां	रें	सां	नी	ध	प	ध	म	ग
ग	म	प	म	ग	म	रे	सा	रे	सा
ध	ध	रें	सां	नी	ध	प	ध	म	ग

x		2			0		3		
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
अंतरा									
प	प	नी	ध	नी	सां	-	सां	रें	सां
सां	रें	गं	मं	पं	मं	गं	मं	रें	सां
गं	रें	सां	रें	सां	ध	प	सां	ध	प
ग	म	रे	ग	म	प	ग	ग	रे	सा

अल्हैया बिलावल राग की तानें

- गप धनि सांनि धप धनि धप मग रेसा
- सारे गप मग मरे गप मग मरे सा-
- सारे गप धनि धप मग मरे सारे सा-
- सारे गरे गप मग मरे गप धनि सां-
- सारे गप धप मग रे- गप धनि धप म- गम गप धनि सांनि धप धनि सारें गरें सा-
- सांनि सांनि धनि धनि धप धप मग मग रेग रेग गरे सांनि सांनि धनि धप

2.3.2 राग काफी का सरगम गीत

राग: काफी **ताल: झपताल** **लय: मध्य**

x		2			0		3		
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
स्थायी									
ग	ग	रे	सा	रे	प	-	म	प	ध
ग	ग	रे	सा	रे	प	-	म	प	प
म	ध	नी	सां	नी	ध	म	प	ग	रे
रे	ग	रे	म	ग	रे	सा	रे	नी	सा
नी	ध	सां	नी	ध	म	प	ध	ग	रे
अंतरा									
म	म	प	नी	नी	सां	-	प	नी	सां
रें	गं	रें	सां	रें	नी	सां	नी	ध	ध
प	रें	सां	सां	रें	नी	सां	नी	ध	ध
सां	-	नी	ध	म	प	ध	ग	ग	रे
रे	ग	रे	म	ग	रे	सा	रे	नी	सा
नी	ध	सां	नी	ध	म	प	ध	ग	रे

काफी राग की तानें

- ऩिऩि ध़प़ गग रेसा ऩिऩि धप गंगं रेंसां

  निध पध निसां रेंगं रेंसां निसां निध पम गम

  पम गरे सा- निसा सारे रेग गम

- ऩिऩि ध़प गग रेसा निनि धप गंगं रेसां निध पध निसां

  रेंगं रेंसां निसां निध पम गम पम गरे सा- ऩिसा सारे रेग गम

- सांनि धप मग रेसा सारे गम पध निसां

- सांनि निध धप पम मग गरे रेसा सारे

- सारे गग रेग मम गम पप मप धध

- पध निनि धनि सांसां सांनि धप मग रेसा

2.3.3 राग भैरव का सरगम गीत

राग: भैरव **ताल: तीनताल** **लय: मध्य**

x				2				0				3			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
स्थायी															
रे	ग	रे	ग	म	प	ग	म	नी	ध	-	ग	-	म	ग	रे
ग	म	प	ग	म	नी	ध	-	रे	-	सां	गं	-	गं	-	मं
नी	ध	रें	-	ध	-	रे	-	ग	म	प	ग	म	ग	रे	ऩी
अंतरा															
ग	ग	प	प	ध	ध	नी	नी	ध	नी	नी	ध	म	प	ग	म
ध	-	नी	ध	-	रें	-	सां	गं	-	रें	-	पं	-	गं	मं
ध	-	ध	-	नी	ध	-	नी	रें	गं	नी	रें	ध	नी	म	ध
ग	म	प	ग	म	ग	रे	ऩी	ध	प	म	ग	रे	-	रे	सा

भैरव राग की तानें

- सारे॒ गग रे॒ग मम

  गम पप मप धध

  पध॒ निनि ध॒नि सांसां

  नि॒ध पम गम रे॒सा

- ऩिसा गम धध पम

  गम पम गरे॒ ऩिसा

  पम गम धध पम

  पम गम रे॒सा ऩिसा

- निसां गंमं गरें॒ सांनि

  ध॒नि सारें॒ सांनि ध॒प

  मप ध॒नि धप मप

  गम रे॒रे॒ सासा ऩिसा

स्वयं जांच अभ्यास 1

2.1 किसी राग में प्रयुक्त होने वाले स्वरों की तालबद्ध रचना को सरगम गीत कहा जाता है।

क) सही

ख) गलत

2.2 स्वरमालिका किसे कहते हैं?

क) राग में प्रयुक्त होने वाली ताल रचना

ख) राग में प्रयुक्त होने वाले स्वरों की ताल रहित रचना

ग) राग में प्रयुक्त होने वाले स्वरों की तालबद्ध रचना

घ) राग में प्रयुक्त होने वाले स्वरों की काव्य रचना

2.3 भैरव राग में रे ध होते हैं।

क) हां

ख) नहीं

2.4 काफी राग में रे ध स्वर होते हैं।

क) हां

ख) नहीं

2.5 काफी राग में गांधार स्वर कोमल होता है।

क) हां

ख) नहीं

2.6 भैरव राग के सरगम गीत में मध्यम का प्रयोग नहीं होता है।

क) सही

ख) गलत

2.7 अल्हैया बिलावल राग के सरगम गीत में पंचम स्वर वर्जित होता है।

क) सही

ख) गलत

2.8 काफी राग के सरगम गीत में गाधार तथा निषाद कोमल होते हैं।

क) सही

ख) गलत

2.4 सारांश

किसी राग में प्रयुक्त होने वाले स्वरों की तालबद्ध रचना को सरगम गीत कहा जाता है। इसे स्वरमालिका भी कहते हैं। इससे स्वर-ज्ञान के साथ-साथ लय तथा राग के स्वरुप को जानने में वृद्धि होती है। इससे विद्यार्थियों में कल्पना, उपज

तथा सृजनात्मक गुणों का विकास संभव होता है। उत्तर भारतीय शास्त्रीय संगीत में रागों के प्रस्तुतिकरण के लिए तथा रागों के चलन को जानने के लिए सरगम गीतों का अभ्यास शुरू से ही किया जाता है।

2.5 शब्दावली

- सरगम गीत: किसी राग में प्रयुक्त होने वाले स्वरों की तालबद्ध रचना को सरगम गीत कहा जाता है।
- स्वरमालिका: किसी राग में प्रयुक्त होने वाले स्वरों की (स्वरों की माला) तालबद्ध रचना को स्वरमालिका कहा जाता है।
- शास्त्रीय संगीत: शास्त्रीय संगीत वह संगीत है जो नियमों से बंधा होता है।

2.6 स्वयं जांच अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

स्वयं जांच अभ्यास 1

2.1 उत्तर: क)

2.2 उत्तर: ग)

2.3 उत्तर: क)

2.4 उत्तर: ख)

2.5 उत्तर: क)

2.6 उत्तर: ख)

2.7 उत्तर: ख)

2.8 उत्तर: क)

2.7 संदर्भ

डॉ. केशव शर्मा से साक्षात्कार द्वारा प्राप्त जानकारी, मार्च 2024।

श्रीवास्तव, हरिश्चद्र. (2015). राग परिचय (भाग 1-4), संगीत सदन प्रकाशन, इलाहबाद।

शर्मा, डॉ. मृत्युंजय. (2001). संगीत मैनुअल. ए.जी. पब्लिकेशन, दिल्ली।

भातखंडे, विष्णुनारायण. (1970). क्रमिक पुस्तक मलिका. खंड 1-6, संगीत कार्यालय हाथरस।

झा, पं. रामाश्रय. (2020). अभिनव गीतांजलि (भाग 1-5), संगीत सदन प्रकाशन, इलाहबाद।

2.8 अनुशंसित पठन

भातखंडे, विष्णुनारायण. (2017). क्रमिक पुस्तक मलिका. खंड 1-6, संगीत कार्यालय हाथरस।

शर्मा, डॉ. मृत्युंजय. (2005). स्वर सरिता, एस.आर.ई.आई.टी. पब्लिकेशन, शिमला।

झा, पं. रामाश्रय. (2020). अभिनव गीतांजलि (भाग 1-5), संगीत सदन प्रकाशन, इलाहबाद।

2.9 पाठगत प्रश्न

प्रश्न 1. राग अल्हैया बिलावल का सरगम गीत लिखिए।

प्रश्न 2. राग काफी का सरगम गीत लिखिए।

प्रश्न 3. राग भैरव का सरगम गीत लिखिए।

प्रश्न 4. राग अल्हैया बिलावल के सरगम गीत को गाकर सुनाइए।

प्रश्न 5. राग काफी के सरगम गीत को गाकर सुनाइए।

प्रश्न 6. राग भैरव के सरगम गीत को गाकर सुनाइए।

प्रश्न 7. सरगम गीत क्या होते हैं?

इकाई-3
अल्हैया बिलावल राग का द्रुत ख्याल/लक्षणगीत (गायन के संदर्भ में)

इकाई की रूपरेखा

क्रम	विवरण
3.1	भूमिका
3.2	उद्देश्य तथा परिणाम
3.3	राग अल्हैया बिलावल
3.3.1	अल्हैया बिलावल राग का परिचय
3.3.2	अल्हैया बिलावल राग का आलाप
3.3.3	अल्हैया बिलावल राग का द्रुत ख्याल/लक्षणगीत
3.3.4	अल्हैया बिलावल राग की तानें
	स्वयं जांच अभ्यास 1
3.4	सारांश
3.5	शब्दावली
3.6	स्वयं जांच अभ्यास प्रश्नों के उत्तर
3.7	संदर्भ
3.8	अनुशंसित पठन
3.9	पाठगत प्रश्न

3.1 भूमिका

संगीत (गायन तथा वादन) में, स्नातक के क्रियात्मक पाठ्यक्रम MUSA102PR की यह तीसरी इकाई है। इस इकाई में गायन संगीत के संदर्भ में, राग अल्हैया बिलावल का परिचय,आलाप, छोटा ख्याल (द्रुत ख्याल) तथा तानों को भातखंडे स्वरलिपि पद्धति के माध्यम से विस्तार पूर्वक प्रस्तुत किया गया है।

उत्तर भारतीय शास्त्रीय संगीत में रागों का प्रस्तुतिकरण विशेष रूप से होता है, जो सुनने में मधुरता से युक्त, कर्णप्रिय, वैचित्रतापूर्ण तथा आनंददायक होता है। आज के समय में शास्त्रीय संगीत के कलाकार रागों को अपने मंच प्रदर्शन के समय प्रस्तुत करते हैं। प्रस्तुत राग का, शास्त्रीय संगीत के अतिरिक्त, सुगम संगीत व फिल्मी संगीत में भी प्रयुक्त होता है, जिसके आधार पर कई मधुर गीतों, भजनों, गजलों इत्यादि का निर्माण हुआ है तथा हो रहा है।

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् विद्यार्थी राग अल्हैया बिलावल के स्वरूप के साथ-साथ उसके आलाप, छोटा ख्याल तथा तानों को भातखंडे स्वरलिपि पद्धति में लिख सकने का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही क्रियात्मक रूप से राग अल्हैया बिलावल का आलाप, छोटा ख्याल तथा तानों को गा सकेंगे।

3.2 उद्देश्य तथा परिणाम

सीखने के उद्देश्य

- अल्हैया बिलावल राग के स्वरूप की संक्षिप्त जानकारी प्रदान करना।
- अल्हैया बिलावल राग के आलाप, छोटा ख्याल तथा तानों को भातखंडे स्वरलिपि में लिखने की क्षमता विकसित करना।
- अल्हैया बिलावल राग के आलाप, छोटा ख्याल तथा तानों को बजाने की क्षमता विकसित करना।
- छात्र को गायन के दौरान सुधार करने का प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करना।

सीखने के परिणाम

- विद्यार्थी गायन के तकनीकी पहलुओं से अच्छी तरह परिचित हो जाएगा

- अल्हैया बिलावल राग के आलाप, छोटा ख्याल तथा तानों को लिखने की निपुणता प्राप्त करने में सक्षम होंगे।
- अल्हैया बिलावल राग के आलाप, छोटा ख्याल तथा तानों को गाने में सक्षम होंगे।
- राग अल्हैया बिलावल के विभिन्न रचनात्मक पहलुओं को मंच पर प्रदर्शित करने की क्षमता विकसित होगी और अनुभव भी प्राप्त होगा।

3.3 राग अल्हैया बिलावल

3.3.1 अल्हैया बिलावल राग का परिचय

राग- अल्हैया बिलावल

थाट- अल्हैया बिलावल

जाति- षाड़व-संपूर्ण

वादी- धैवत

संवादी- गांधार

स्वर - अवरोह में कोमल निषाद (नि), अन्य स्वर शुद्ध

वर्जित स्वर - आरोह में म

समय - दिन का प्रथम प्रहर

समप्रकृतिक राग - बिलावल

आरोह- सा ग रे ग प ध नि सां

अवरोह- सां नि ध प, ध नि ध प, म ग म रे सा

पकड़ - ग प ध नि ध प, म ग म रे सा

3.3.2 अल्हैया बिलावल राग का आलाप

- ग रे ग प, प ऽ म ग रे, सा रे ग प

  ऽ म ग म रे सा।

- सा नि़ ध़ प़ नि़ ध़ ऽ सा, ग रे सा प ऽ

  म ग म रे सा

- सा ग रे ग प, ध ग म रे, ग रे ग प, ग प

  ध नि ध प, ग रे ग प ध नि ध प

  म ग म रे सा।

- सा ऽ ग, रे ग प ध नि ध प म ग म रे, ग प ऽ

  ध नि ध प ,म ग, म रे, सा रे ग रे ग प म ग ग

  रे ग प, ध ग रे ग प म ग म रे, सा।

- ग प ध नि, ध नि सां ऽ ऽ ऽ सां गं रें सां, गं रें

  गं पं ऽ मं गं मं रें ऽ सां, गं मं रें सां ऽ ध नि ध

  प म ग प ध ग प ध नि सां ध नि ध प म ग

  म रे, ग प ध प म ग म रे, ग प ध नि ध प,

  म ग म रे सा।

3.3.3 अल्हैया बिलावल राग का द्रुत ख्याल/लक्षण गीत

राग: अल्हैया बिलावल **ताल: तीनताल** **लय: मध्य**

x				2				0				3			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
स्थायी															
						नीसां	सां	नीध	प	पगम	रेग	प	प	नी	धनी
						अ	ति	अ	रु	ण-	ब	र	न	पि	या
सां	-	सां	सां	नी	धनी	धप	प	नीधनी	सारें	सां	सां	ध	प	मग	मरे
नै	-	न	तु	म्हा	रे	अ	ब	मा-	--	न	हुं	र	ति	र-	स-
ग	मग	प	मग	म	रे	सा	-	नीसा	सामं	ग	म	-	प	नी	धनी
भ	ये-	-	र-	ग	म	गे	-	क	र	त	के	-	लि	पि	या
सां	सां	रेसां	सां	नी	धनी	सां	सां								
प	ल	क	बि	सा	रे	अ	ति								
x				2				0				3			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
अंतरा															
								मप	-	नी	धनी	सां	सां	सां	-
								मं	-	द	मं	-	द	डो	-
नीसां	गरें	मंगं	मं	गं	रें	सां	-	मंगं	मं	पं	मंगं	मं	रें	सां	सां
ल	त-	सं	-	क	र	सों	-	सो	-	भि	त-	म	-	ध्य	म
धनी	धरें	ध	ध	नी	धनी	सां	सां								
नो-	--	ह	र	ता	रे	अ	ति								

x				2				0				3			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
संचारी															
								ऩीसा	-	नीध	नीध	-	नीध	नीध	नीध
								बा	-	र	बा	-	र	अ	व
नीध	नी	प	प	प	-	नीध	नी	नीसां	रें	सां	सांध	नी	प	मग	मरे
लो	-	कि	प	र	म	रु	चि	क	प	ट	ने	-	ह	म	न
मग	म	प	मग	रे	-	सा	-								
ह	र	त	ह	मा	-	रे	-								
x				2				0				3			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
आभोग															
								मप	-	नीध	नी	सां	सां	सां	सां
								सू	-	र	श्या	.	म	दे	खे
नीसां	गरें	मंगं	मं	गं	रें	सां	सां	मंगं	मं	पं	मंगं	मं	रें	सां	सां
सु	ख	पा	-	व	त	दु	ख	मो	-	च	न	लो	-	च	न
नीधनी	सारें	सां	सां	नी	घनी	सां	सां								
हसे	-	र	त	ना	रे	अ	ति								

3.3.4 अल्हैया बिलावल राग की तानें

सम से 8वीं मात्रा तक –

- सारे गप मग मरे गप मग मरे सा-
- सारे गप धनि धप मग मरे सारे सा-
- गप धनि सांनि धप धनि धप मग रेसा
- सारे गरे गप मग मरे गप धनि सां-

सम से सम तक –

- सारे गप धप मग रे- गप धनि धप म- गम गप धनि
  सांनि धप धनि सारें गरें सा-
- सांनि सांनि धनि धनि धप धप मग मग रेग रेग गरे
  सांनि सांनि धनि धप

5वीं मात्रा से

- सारे सारे गरे गप गप धनि धप मग रेग पम गरे सा-
- गप धनि सारें गरें सांनि धनि सांनि धनि धप मग रेग पम

सम से सम तक –

- सारे गप धनि सारें सांनि धप मग मरे गप धनि सारें
  गरें सांनि धप मग रेसा

- सारे गरे गप गप धप धनि धनि धप धप गप धनि सारें गरें सांनि धप
- सारे गप मरे मरे गप धनि धप मग मरे गप धनि सारें सांनि धप मग रेसा
- सारें सांनि सानि धप धनि सारे गम रेसा गप मग रेग पध गप धनि पध निसां
- गरे गप धनि सांनि धनि धप धनि सां- गरे सांनि धनि सारें सांनि धनि सांनि धप
- गरे गप धनि सांनि धनि धनि धप धप धनि धप मग मरे गरे गप ध़नि़ सा-

स्वयं जांच अभ्यास 1

3.1 अल्हैया बिलावल राग का वादी स्वर निम्न में से कौन सा है?

क) रे

ख) नि

ग) ध

घ) ग

3.2 अल्हैया बिलावल राग का संवादी स्वर निम्न में से कौन सा है?

क) रे

ख) नि

ग) प

घ) ग

3.3 अल्हैया बिलावल राग का समय निम्न में से कौन सा है?

क) दिन का प्रथम प्रहर

ख) दिन का तीसरा प्रहर

ग) मध्य रात्रि

घ) दोपहर

3.4 अल्हैया बिलावल राग में, निम्न में से कौन सा स्वर आरोह में कोमल होता है?

क) गंधार

ख) षड़ज

ग) मध्यम

घ) कोई भी नहीं

3.5 अल्हैया बिलावल राग में निम्न में से कौन सा स्वर आरोह में वर्जित होता है?

क) ग

ख) प

ग) म

घ) सा

3.6 अल्हैया बिलावल राग का थाट निम्न में से कौन सा है?

क) कल्याण

ख) आसावरी

ग) विलावल

घ) तोड़ी

3.7 अल्हैया बिलावल राग के संदर्भ में निम्न में से कौन सी स्वर संगति ठीक है?

क) ध <u>नि</u> ध प, म ग

ख) ध सां नि ध प, म ग

ग) ध <u>नि</u> ध प म प ध नी

घ) ध नि सां रें नी ध प, म ग

3.8 अल्हैया बिलावल राग की द्रुत ख्याल/लक्षण गीत में सम कौन सी मात्रा पर होता है?

क) 2

ख) 16

ग) 1

घ) 9

3.9 अल्हैया बिलावल राग की द्रुत ख्याल/लक्षण गीत को केवल तीनताल में ही गाया जाता है।

क) हां

ख) नहीं

3.10 अल्हैया बिलावल राग, विलावल तथा अल्हैया रागों का मिश्रण है।

क) सही

ख) गलत

3.4 सारांश

अल्हैया बिलावल राग भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्रचलित राग है। शास्त्रीय संगीत की गायन विधा के अंतर्गत इस राग को गाया जाता है। शास्त्रीय संगीत में रागों के प्रस्तुतिकरण के लिए तथा संगीत के अभ्यास के लिए राग का अभ्यास शुरू से ही किया जाता है। अल्हैया बिलावल राग का आलाप अनिबद्ध (ताल रहित) होता है। इस राग में द्रुत ख्याल/लक्षण गीत (छोटा ख्याल), मध्य तथा तेज लय में गाया जाता है। द्रुत ख्याल/लक्षण गीत में तानों का अपना महत्व है और विभिन्न प्रकार की तानों को इसमें विभिन्न प्रकार की लयकारियों के साथ गाया जाता है।

3.5 शब्दावली

- आलाप: वादन के अंतर्गत, राग के समस्त लक्षणों को ध्यान में रखते हुए, अनिबद्ध (ताल रहित) रूप सें राग के स्वरों का विस्तार धीमी लय में करना, आलाप कहलाता है।

- छोटा ख्याल: गायन के अंतर्गत, राग के समस्त लक्षणों को ध्यान में रखते हुए, ऐसी गीत रचना, जो स्वरबद्ध, लयबद्ध व तालबद्ध हो तथा मध्य या द्रुत लय में गाई जाती हो उसे छोटा ख्याल कहते हैं।
- तान: साधारण रूप से राग के स्वरों का विस्तार जब विभिन्न प्रकार की लयों तथा लयकारियों में बांधकर, गाया जाता है तो उसे तान कहते हैं।
- लय: गायन/वादन में बीत रहे समय की समान गति को 'लय' कहा जाता है।
- विलंबित लय: वादन/गायन के अंतर्गत जब लय बहुत धीमी गति मे चलती है तो उसे विलंबित लय कहते हैं।
- द्रुत लय: वादन/गायन के अंतर्गत जब लय बहुत तेज गति मे चलती है तो उसे द्रुत लय कहते हैं।

3.6 स्वयं जांच अभ्यास प्रश्नों के उत्तर

स्वयं जांच अभ्यास 1

3.1 उत्तर: ग)

3.2 उत्तर: घ)

3.3 उत्तर: क)

3.4 उत्तर: घ)

3.5 उत्तर: ग)

3.6 उत्तर: ग)

3.7 उत्तर: क)

3.8 उत्तर: ग)

3.9 उत्तर: ख)

3.10 उत्तर: ख)

3.7 संदर्भ

श्रीवास्तव, हरिश्चद्र. (2015). राग परिचय (भाग 1-4), संगीत सदन प्रकाशन, इलाहबाद।

शर्मा, डॉ. मृत्युंजय. (2001). संगीत मैनुअल. ए.जी. पब्लिकेशन, दिल्ली।

भातखंडे, विष्णुनारायण. (1970). क्रमिक पुस्तक मलिका. खंड 1-6, संगीत कार्यालय हाथरस।

झा, पं. रामाश्रय. (2020). अभिनव गीतांजलि (भाग 1-5), संगीत सदन प्रकाशन, इलाहबाद।

3.8 अनुशंसित पठन

भातखंडे, विष्णुनारायण. (2017). क्रमिक पुस्तक मलिका. खंड 1-6, संगीत कार्यालय हाथरस।

शर्मा, डॉ. मृत्युंजय. (2001). संगीत मैनुअल. ए.जी. पब्लिकेशन, दिल्ली।

शर्मा, डॉ. मृत्युंजय. (2005). स्वर सरिता, एस.आर.ई.आई.टी. पब्लिकेशन, शिमला।

झा, पं. रामाश्रय. (2020). अभिनव गीतांजलि (भाग 1-5), संगीत सदन प्रकाशन, इलाहबाद।

शर्मा, डॉ. मृत्युंजय. (2008). तंत्रिका विज्ञान, एस.आर.ई.आई.टी. पब्लिकेशन, शिमला।

3.9 पाठगत प्रश्न

प्रश्न 1. राग अल्हैया बिलावल का परिचय लिखिए/बताइए।

प्रश्न 2. राग अल्हैया बिलावल का आलाप लिखिए।

प्रश्न 3. राग अल्हैया बिलावल के छोटा ख्याल को लिखिए।

प्रश्न 4. राग अल्हैया बिलावल के छोटे ख्याल की पांच तानों को लिखिए।

इकाई-4
काफी राग का द्रुत ख्याल/लक्षणगीत (गायन के संदर्भ में)

इकाई की रूपरेखा

क्रम	विवरण
4.1	भूमिका
4.2	उद्देश्य तथा परिणाम
4.3	राग काफी
4.3.1	काफी राग का परिचय
4.3.2	काफी राग का आलाप
4.3.3	काफी राग का द्रुत ख्याल/लक्षणगीत
4.3.4	काफी राग की तानें
	स्वयं जांच अभ्यास 1
4.4	सारांश
4.5	शब्दावली
4.6	स्वयं जांच अभ्यास प्रश्नों के उत्तर
4.7	संदर्भ
4.8	अनुशंसित पठन
4.9	पाठगत प्रश्न

4.1 भूमिका

संगीत (गायन तथा वादन) में, स्नातक के क्रियात्मक पाठ्यक्रम MUSA102PR की यह चौथी इकाई है। इस इकाई में गायन संगीत के संदर्भ में, राग काफी का परिचय, आलाप, छोटा ख्याल (द्रुत ख्याल) तथा तानों को भातखंडे स्वरलिपि पद्धति के माध्यम से विस्तार पूर्वक प्रस्तुत किया गया है।

उत्तर भारतीय शास्त्रीय संगीत में रागों का प्रस्तुतिकरण विशेष रूप से होता है, जो सुनने में मधुरता से युक्त, कर्णप्रिय, वैचित्रतापूर्ण तथा आनंददायक होता है। आज के समय में शास्त्रीय संगीत के कलाकार रागों को अपने मंच प्रदर्शन के समय प्रस्तुत करते हैं। प्रस्तुत राग का, शास्त्रीय संगीत के अतिरिक्त, सुगम संगीत व फिल्मी संगीत में भी प्रयुक्त होता है, जिसके आधार पर कई मधुर गीतों, भजनों, गजलों इत्यादि का निर्माण हुआ है तथा हो रहा है।

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् विद्यार्थी राग काफी के स्वरूप के साथ-साथ उसके आलाप, छोटा ख्याल तथा तानों को भातखंडे स्वरलिपि पद्धति में लिख सकने का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही क्रियात्मक रूप से राग काफी का आलाप, छोटा ख्याल तथा तानों को गा सकेंगे।

4.2 उद्देश्य तथा परिणाम

सीखने के उद्देश्य

- काफी राग के स्वरूप की संक्षिप्त जानकारी प्रदान करना।
- काफी राग के आलाप, छोटा ख्याल तथा तानों को भातखंडे स्वरलिपि में लिखने की क्षमता विकसित करना।
- काफी राग के आलाप, छोटा ख्याल तथा तानों को बजाने की क्षमता विकसित करना।
- छात्र को गायन के दौरान सुधार करने का प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करना।

सीखने के परिणाम

- विद्यार्थी गायन के तकनीकी पहलुओं से अच्छी तरह परिचित हो जाएगा
- काफी राग के आलाप, छोटा ख्याल तथा तानों को लिखने की निपुणता प्राप्त करने में सक्षम होंगे।

- काफी राग के आलाप, छोटा ख्याल तथा तानों को गाने में सक्षम होंगे।
- राग काफी के विभिन्न रचनात्मक पहलुओं को मंच पर प्रदर्शित करने की क्षमता विकसित होगी और अनुभव भी प्राप्त होगा।

4.3 राग काफी

4.3.1 काफी राग का परिचय

राग- काफी

थाट- काफी

जाति- संपूर्ण-संपूर्ण

वादी- पंचम

संवादी- रिषभ

स्वर - गंधार, निषाद कोमल (ग नि), अन्य स्वर शुद्ध

समय - रात्रि का दूसरा प्रहर

आरोह- सा रे ग म प ध नी सां

अवरोह- सां नी ध प म ग रे सा

पकड़ - सा सा, रे - रे रे, ग ग म म प

यह काफी थाट का आश्रम राग है। इसकी जाति संपूर्ण-संपूर्ण है। पंचम स्वर वादी तथा रिषभ स्वर संवादी है। काफी राग में गंधार तथा निषाद स्वर कोमल प्रयुक्त होते हैं। शेष स्वर शुद्ध हैं। इसका समय रात्रि का दूसरा प्रहर माना गया है। काफी राग में पंचम स्वर को महत्वपूर्ण स्वर कहा जाता है। सभी स्वर संगतियाँ पंचम की ओर बढ़ती हुई लगती हैं, जैसे - सा रे,

